# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 12.06.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, हिन्दुस्तान, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 12.06.2025

### पार्कों के सुंदरीकरण का काम जल्द कराएं : वीडीए सचिव

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने बुधवार को वीडीए में निर्माण अनुभाग की कई योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने शहर के पार्कों के सुंदरीकरण का काम तेज कराने के निर्देश दिए। बैठक में प्रो-पुअर परियोजना के तहत विद्युत कार्यों की समीक्षा की। संबंधित अधिशासी अभियंता को बिजली के पोल की मरम्मत और प्रकाश व्यवस्था को शीघ्र सुनिश्चित कराने को कहा।

अशोक नगर कॉलोनी (फेज-1 एवं फेज-2), महादेव नगर कॉलोनी, पत्रकारपुरम कॉलोनी, काशीराम आवासीय योजना, बड़ालालपुर क्षेत्र में विकसित हो रहे पार्कों की प्रगति पर असंतोष जताक संबंधित अधिशासी अभियंता और ठेकेदार को कार्य में गति लाने को कहा। वहीं बुधवार को बैठक में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक मानचित्र स्वीकृत करने के साथ 36,82,570 रुपये वीडीए कोष में जमा कराया गया। ब्यूरो

### पार्किंग की व्यवस्था कराएं

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने बुधवार को वीडीए में बैठक की। उन्होंने लंबित मानचित्रों का निस्तारण जल्द करने को कहा। अधिकारियों को हिदायत दी कि सील प्रकरणों की जांच और बेसमेंट खाली कराएं। शिवपुर, सिकरौल में शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि 77,81,651 जमा कराई गई। 2025-26 में अप्रैल से अब तक कुल शमन धनराशि 1,81,21,857 रुपये जमा कराए। जोन टू के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा में शमन शुल्क के मद में धनराशि 10,37,052 रुपये जमा करवाए। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 12.06.2025

### उंदी ताल के लिए 50 सेमी होगी खोदाई

**वाराणसी।** उंदी ताल के लिए 50 सेमी की खोदाई की जाएगी। ईको-टूरिज्म को विस्तार दिया जाएगा। पर्यटकों के लिहाज से इसे विकसित करने की योजना है। जो भी निर्माण होगा उसमें मानव-पर्यावरण का खास ख्याल रखा जाएगा। यहां हरियाली पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां कई आकर्षक और ऑक्सीजन देने वाले पौधे लगाए जाएंगे। इसे अलावा यहां ताल में आकर्षक फव्वारे और लाइटिंग का प्रबंध किया जा रहा है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मातहतों को निर्देश दिए हैं कि उंदी ताल के निर्माण कार्य को निर्धारित अवधि में पूरा कराएं। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 12.06.2025

### पार्कों का सुंदरीकरण धीमा होने पर नाराज

वाराणसी। वीडीए की ओर से विभिन्न कॉलोनियों में पार्कों के सुंदरीकरण, प्रो-पुअर प्रोजेक्ट और अवस्थापना निधि से जुड़े कार्यों की बुधवार को समीक्षा की गई। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने अशोक नगर कॉलोनी (फेज-1, फेज-2), महादेवनगर कॉलोनी, पत्रकारपुरम कॉलोनी, कांशीराम आवासीय योजना तथा बड़ालालपुर क्षेत्र में पार्कों के कार्यों में शिथिलता पर नाराजगी जताई। अधिशासी अभियंता एवं ठेकेदार को तय समय में काम पूरा करने को कहा। बैठक में अधीक्षण अभियंता अजय पवार, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा आदि रहे।

## न्यायाधीश–दि0 12.06.2025

### निर्माण अनुभाग की समीक्षा बैठक आयोजित



वाराणसी। सचिव वाविप्रा डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में निर्माण अनुभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रो-पुअर परियोजना, विभिनन्न कॉलोनियों में विकसित किए जा रहे पार्कों, तथा अवस्थापना निधि से संबंधित 12/06/2025 को प्रस्तावित बैठक पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रो-पुअर परियोजना के अंतर्गत विद्युत कार्यों की समीक्षा करते हुए सचिव महोदय ने संबंधित अधिशासी अभियंता को बिजली के पोल की मरम्मत एवं प्रकाश व्यवस्था को शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अशोक नगर कॉलोनी (फेज-1 एवं फेज-2), महादेव नगर कॉलोनी, पत्रकारपुरम कॉलोनी, काशीराम आवासीय योजना तथा बड़ालालपुर क्षेत्र में विकसित हो रहे पार्कों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए, संबंधित अधिशासी अभियंता एवं ठेकेदार को कार्य में गति लाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता श्री अजय पवार, अधिशासी अभियंता श्री अरविन्द शर्मा सहित अन्य तकनीकी अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 12.06.2025

### अपर सचिव वाविप्रा द्वारा जोन -1 और जोन-2 की समीक्षा बैठक आयोजित



वाराणसी ।वाविप्रा उपाध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में 11.06.2025 को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 26.05.2025 से 31.05.2025 एवं 01.06.2025 से 08.06.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 77,81,651.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-1,81,21,857.00 एवं जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा एवं विन्यास में विगत दिनांक 26.05.2025 से 31.05.2025 एवं 01.06.2025 से 08.06.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 10,37,052.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2025-26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-1,35,95,777.00 जमा कराया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया। सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौंपें गये कायी के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति मे सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी, श्री शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, श्री रोहित कुमार व लिपिक, फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 12.06.2025

### वाविप्रा सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव महोदय डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा जोन.3 ;वार्ड.दशाश्वमेध चेतगंज चौक व कोतवाली जोन.4 ;भेलूपुर व नगवां जोन.5 ;रामनगर व मुगलसराय का दस दिन के कार्यों की प्रगति ;01.06.2025 से 10.06.2025 तक. विगत 3 माह के व पूर्व निर्देशित बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जोन.3 के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति अवर अभियंता राजू कुमार जोन.4 के जोनल अधिकारी संजीव कुमार अवर अभियन्ता आदर्श निराला एवं सोनू कुमार जोन.5 के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश अवर अभियन्ता अशोक कुमार यादव व मुख्य भवन लिपिक विन्यास लिपिक एवं भवन लिपिक उपस्थित रहे।उक्त समीक्षा बैठक में आलोच्य माह अवधि में जमा शमन मानचित्र स्वीकृत शमन मानचित्र तावान शमन शुल्क की वसूली पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों पर असन्तुष्ट प्रतिक्रिया पर कार्य करने हेतु निर्देशित किये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अनाधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल डीजल सी0एन0जी0 फिलिंग स्टेशनों के विरूद्ध कार्यवाही विन्यास व भवन ;वार्ड के टॉप.10 बकायेदारों आदि मुख्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। आलोच्य माह अवधि में जोन.3 द्वारा 01 जोन.4 द्वारा 0 व जोन.5 द्वारा 0 इस प्रकार कुल 01 शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया।